राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए कार्य करने का किया आह्वान

जयपुर, 4 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए स्वच्छ पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में सहभागिता पर जोर दिया है।

श्री बागडे ने 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत अधिक छांव देने वाले और ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले बड़े पेड़ लगाने और उनकी सार संभाल किए जाने की अपील की है। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण को रोकने और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के लिए जल, जंगल और जमीन का संरक्षण किए जाने का आह्वान किया है।

————